# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई पेपर में खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 | अंक-243 | सागवाड़ा, बुधवार, 18 मई, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# डूंगरपुर से कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने विधायक पद से सीएम को भेजा इस्तीफा

## जिला प्रशासन पर लगाए जनता की आवाज उठाने पर मुकदमा दर्ज करवाने के आरोप, कहा कितने भी दर्ज कर लो मुक़दमे जनता की आवाज नहीं दबने दूंगा

**डूंगरपुर।** जिले की डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने आज विधायक पद से अपना इस्तीफा देने की घोषणा की है। वही गणेश घोघरा ने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को भिजवा दिया है। सीएम को भेजे गए इस्तीफे में विधायक घोघरा ने सत्तारूढ़ विधायक होने के बावजूद उनकी बात की अनदेखी करने व जनता की आवाज उठाने पर प्रशासन द्वारा दबाया जाने के आरोप लगाये है। इधर इस्तीफा भेजने के बाद प्रेस वार्ता में विधायक घोघरा ने जिला प्रशासन को आड़े हाथो लिया है।

डूंगरपुर जिले की सुरपुर पंचायत में प्रशासन गाँवों के संग अभियान के तहत कल लगे फोलोअप शिविर में विधायक व ग्रामीणों द्वारा डूंगरपुर एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियो व कार्मिको को बंधक बनाने के मामले में विधायक गणेश घोघरा सहित 60 लोगो के खिलाफ देर रात मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद विधायक गणेश घोघरा ने विधायक पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। विधायक गणेश घोघरा ने लिखित में इस्तीफा मुख्यमंत्री को भिजवा दिया है। अपने इस्तीफे में विधायक ने जिला प्रशासन पर जनता की आवाज उठाने पर उन्हें दबाने व

सत्तारूढ़ विधायक होने के बावजूद उनकी बात की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। इधर मुख्यमंत्री को विधायक पद से इस्तीफा भेजने के बाद विधायक गणेश घोघरा ने सर्किट हाउसे में पत्रकार वार्ता भी की। इस दौरान उन्होंने कहा की आज सरकार में अधिकारी हावी हो रहे है। आधी रात को तहसीलदार को घर उठाकर मुक़दमे दर्ज करवा रहे है। विधायक ने कहा लोगो को सालो से उनकी जमीन व घर का अधिकार नहीं मिला था उसी को देखते हुए सरकार ने प्रशासन गाँवों के संग अभियान शुरू किया गया था। लेकिन डूंगरपुर का जिला प्रशासन आदिवासियों को हको को मारने में लगा है। उन्होंने कहा की विधायक अगर जनता की आवाज उठाता है तो विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। विधायक गणेश घोघरा ने प्रशासन को चेतावनी दी है की पुलिस प्रशासन जितने मुक़दमे दर्ज करने है कर ले, जितनी धाराए लगानी है लगा ले वे जनता की आवाज दबने नहीं देंगे। उन्होंने कहा की मै एमएलए रहू की नहीं रहू वे जनता की आवाज हमेशा उठाते रहेंगे और न्याय के खिलाफ कभी नहीं दबेंगे। इस दौरान विधायक गणेश घोघरा ने सरकार से जिला कलेक्टर, एसपी, एडीएम और एसडीएम को हटाने की मांग की है।

### एसडीएम समेत अधिकारी पंचायत भवन में बंद


#### ग्रामीणों के साथ अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे डूंगरपुर विधायक एसडीएम पर लाभार्थियों को पट्टे नहीं देने के आरोप लगाए

**डूंगरपुर।** सरकारी अधिकारियों के कामकाज से नाराज विधायक मंगलवार को एक बार फिर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चे पर बैठ गए। एसडीएम समेत प्रशासन गांवों के संग शिविर में आए अधिकारियों को पंचायत भवन में बंद कर विधायक अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। विधायक ने एसडीएम पर लाभार्थियों को पट्टे नहीं देने के आरोप लगाए।

पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत सुरपुर में आज मंगलवार को प्रशासन गांवों के संग शिविर चल रहा था। शिविर में एसडीएम मणिलाल तिरगर समेत कई विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। शिविर गांव के लोगो से जुड़े काम करने थे, लेकिन शाम तक लोगो को पट्टे नहीं मिले। इससे नाराज लोगों ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा से शिकायत की। इस पर विधायक सुरपुर पंचायत भवन पहुंचे। मौजूद एसडीएम से पट्टे नहीं बाटने को सवाल पूछा तब भी कोई सही जवाब नही मिला तो नाराज विधायक समेत समर्थकों ने अधिकारियों को पंचायत भवन में बंद कर दिया। पंचायत पर ताला लगाकर विधायक और ग्रामीण मैन गेट के सामने ही बैठ गए। विधायक गणेश घोघरा ने कहा की हम सरकार और जनता के नौकर है। कांग्रेस सरकार जनता से जुड़े काम समय पर पूरे कर जनता को राहत पहुंचाना चाहती है। लेकिन अधिकारियों की मनमर्जी से काम नहीं हो रहे। विधायक गणेश घोघरा ने कहा अक्टूबर 2021 में शिविर में लोगो ने पट्टे के लिए आवेदन किया था, लेकिन आज तक उनके पट्टे नहीं मिले है। गांव के लोग सुबह से जमीन के पट्टे मिलने के इंतजार में बैठे है, लेकिन शाम तक पट्टे नहीं दिए। इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। विधायक गणेश घोघरा अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठकर अधिकारियों के कामकाज को लेकर नाराजगी जताई। वही विधायक ने कलेक्टर के मौके पर आने के बाद ही धरने से उठने की बात को लेकर बैठ गए। विधायक के साथ बड़ी संख्या में गांव के लोग भी उनके साथ धरने पर बैठे है। वहीं एसडीएम समेत अधिकारियों को पंचायत भवन में बंद करने की सूचना पर डीएसपी राकेश कुमार शर्मा, सीआई दिलीपदान मौके पर पहुंचे। विधायक समेत ग्रामीणों से बात की। इसके बाद पंचायत भवन में बंद एसडीएम मणिलाल तिरगर से जाली के अंदर से बात की। एसडीएम मणिलाल ने डीएसपी राकेश कुमार शर्मा को बताया की ये उनके अधिकार का मामला नहीं है। इसमें आवंटन कमेटी मिलकर निर्णय कर सकती है। लेकिन विधायक अपनी बात को लेकर अड़ गए। एडीएम राजीव द्विवेदी, एएसपी अनिल मीणा मौके पर पहुंचे। विधायक से बातचीत करते हुए समझाइश के प्रयास किए। एडीएम ने 30 जून तक समस्या पट्टे देने का भरोसा दिलाया। इसके बाद मामला शांत हुआ। 2 घंटे तक चले हंगामे के बाद पंचायत भवन का ताला खोलकर बंद एसडीएम समेत तमाम अधिकारियों को बाहर निकाला।







# वागड़ में आम आदमी पार्टी की दस्तक

## सागवाड़ा में कार्यकर्त्ता सम्मेलन 19 को, संभागीय स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओ को सौपेंगे दायित्व

**सागवाड़ा।**

देश में आम आदमी पार्टी के बढ़ते जनादेश की हलचल अब राजस्थान के आदिवासी अंचल डूंगरपुर जिले में पहुच गई है 7 19 मई को सागवाड़ा में आम आदमी पार्टी का भव्य कार्यकर्त्ता सम्मलेन आयोजित होगा।

आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अब आम आदमी पार्टी ने प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा के नेतृत्व में भी वागड़ में अपनी हलचल शुरू कर दी है। इसी बीच डूंगरपुर जिले में भी आम आदमी पार्टी की बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। 19 मई गुरुवार को डूंगरपुर जिले की डूंगरपुर , सागवाड़ा और आसपुर विधानसभा में कल पार्टी पदाधिकारियों की स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओ और जनता के साथ संवाद सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक विधानसभा के मुद्दों पर बात होगी और चुनावी तैयारियां की जाएगी। साथ ही भाजपा और कांग्रेस के कई पदाधिकारी भी पार्टी के संपर्क में हैं उनसे भी बैठकों का दौर शुरू किया जाएगा। विधानसभाओं में उदयपुर सम्भाग से आये पदाधिकारी सुमित विजय, मयंक जानी और राजीव पंड्या बैठक के बाद कार्यकर्ताओ को 10-10 गांव की जिम्मेदारी सौपी जाएगी और उन सभी कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की विचारधारा को प्रसारित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह जानकारी गणेश प्रजापत ने दी।

# शादीशुदा महिला से रेप के दोषी को 10 साल की जेल

## 65 हजार का जुर्माना लगाया, डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

**डूंगरपुर।** जिले की स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने एक शादीशुदा महिला से रेप के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की जेल की सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट ने दोषी पर 65 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीड़िता की मां ने 13 सितंबर 2019 को सदर थाने में मामला दर्ज हुआ था।

डूंगरपुर जिले के विशिष्ट न्यायालय पोक्सो कोर्ट ने मामले में सुनवाई पूरी करते हुए आज बुधवार को फैसला सुनाया है। पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की मामला सदर थाना क्षेत्र का है। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर 2019 को पीड़िता की मां ने सदर थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़ित की मां ने अपनी रिपोर्ट में बताया की उसकी बेटी के एक पुत्र है। जिसे लेकर वो गुजरात अपने मामा के वहा शादी में गई थी। शादी के बाद वह भुआ की बेटी के घर रुकी थी। गुजरात के साबरकांठा निवासी शैलेश उसे बहला फुसलाकर उसके घर से भगा ले गया। इसके बाद उसे एक घर में ले जाकर उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर आरोपी शैलेश ने उसे डराया धमकाया। दूसरे दिन पीड़िता ने पीहर आकर अपनी मां को उसके साथ हुई घटना के बारे में बताया। इसके बाद पीड़ित महिला अपनी मां के साथ सदर थाने पहुंची और मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई। मां की शिकायत पर पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया।

विशिष्ट न्यायालय पॉक्सो कोर्ट ने आज मंगलवार को सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी शैलेश को कई धाराओं में दोषी माना है। कोर्ट ने दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही दोषी पर 65 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# गौवंश के अंतिम संस्कार के लिए भूमि आवंटन की मांग



**सागवाड़ा।**

गौवंश सहित अन्य मवेशियों की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार हेतु नगरपालिका से स्थाई जमीन आवंटन के लिए सागवाडा नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया को ज्ञापन दिया।

बजरंग दल के पंकज पाटीदार ने बताया कि सागवाडा में पिछले दो वर्षों में कई गायो की मृत्यु हुई है तथा उनके अंतिम संस्कार के लिए उचित भूमि नहीं होने से जहां नगर का कचरा निस्तारण किया जाता है वहां अंतिम संस्कार किया जा रहा है जो उचित नहीं है।

अत: सनातन धर्म की आस्था व विश्वास को ध्यान में रखते हुए सागवाडा गौ रक्षक, गौ भक्त, गौ सेवको को 10 बीघा जमीन आवंटन करे जहां पर हम सनातन धर्म व वैदिक मंत्रोच्चार से गौ वंश का अंतिम संस्कार किया जाए। इस अवसर पर गौ रक्षक दल सागवाड़ा प्रमुख टीम के हितेश राज भोई, रोहित राज भोई, जिग्नेश यादव, विशाल भावसार, पंकज पाटीदार, अजय बूझ, करण राज भोई, भावेश राज भोई, निलेश राज भोई, जय हरिजन, कुंदन हरिजन, सन्नी दवे, हेमिल जोशी, हित जोशी, सहर्ष व्यास, दीपक परमार, अजय माली, नवीन कलाल, निकुंज वैष्णव मौजूद रहे।

# पेयजल के लिए टेंकर लगवाने व मुआवजा दिलाने की मांग

**सागवाड़ा।** ग्राम पंचायत पाडला हांडलिया के ग्राम वासियों ने उपखंड अधिकारी रामचंद्र खटीक को ज्ञापन देकर पेयजल समस्या के समाधान एवं नेशनल हाईवे के प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

**ग्राम पंचायत पाडला हांडलिया के ग्राम वासियों ने दिया ज्ञापन**

सरपंच तुलसी मालिवाड़ के नेतृत्व में कचरा मालिवाड़, हिम्मत सिंह सिसोदिया ने दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में पाड़ला हांडलिया, गुलाबपुरा, नारायणपुरा एवं डोला गांव आते हैं। अधिकतर ग्रामवासी अनुसूचित जनजाति एवं गरीब वर्ग से हैं जो स्वयं के स्तर पर निजी नलकूप की व्यवस्था नहीं कर सकते हैं। संपन्न व्यक्ति निजी नलकूप तथा हेडपंप पर ही निर्भर है। गर्मी के मौसम होने से अधिकतर नलकूपों के पानी का स्तर नीचे चले जाने से पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के माध्यम से राजस्व गांव में पर्याप्त मात्रा में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति कराने का आग्रह किया।

एक अन्य ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि पाड़ला हांडलिया गांव डूंगरपुर सागवाड़ा मुख्य मार्ग पर बसा हुआ है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग 927ए का निर्माण कार्य एवं पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

# भारतीय ट्राइबल पार्टी की हुई बैठक

## हमें संगठित होकर समाज के हक अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी- डिंडोर

**सागवाड़ा।** भारतीय ट्राइबल पार्टी की बैठक बुधवार को प्रदेश सचिव पवन सरपोटा के निवास पर हुई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वेलाराम घोघरा के निर्देशन में जिला अध्यक्ष और सागवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ती लिए प्रदेश सचिव मोहन भाई डिंडोर के नेतृत्व में बैठक हुई।

बैठक में आने वाले चुनाव को लेकर रणनीति बनाते हूए समस्त कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी और समाज हित में संगठित होकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रदेश सचिव डिंडोर ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित समाजजनों को किसी भी बात को लेकर निराश होने की जरूरत नहीं है हमें संगठित होकर समाज के हक अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी चाहे रास्ता कोई भी हो मंजिल एक रहेगी। इस दौरान चेतन डिंडोर, विनोद मकवाना, हरीश भाई डामोर, सुरेश परमार व प्रकाश खराड़ी मौजूद रहे।

# सीबीईओ कार्यालय में हुआ यू-डाईस प्लस कार्यशाला का आयोजन

**सागवाड़ा।** यू-डाईस प्लस 2021-22 कार्यशाला का आयोजन सीबीईओ कार्यालय सागवाडा में हुआ। कार्यशाला में सागवाडा ब्लॉक के समस्त पीईईओ, यूसीईईओ एवं यूडाईस प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता पीईईओ भासौर प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने की। मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी भेमजी खाट थे एवं विशिष्ट अतिथि भरत कुमार जोशी पीईईओ पाडवा रहे। कार्यशाला का प्रारम्भ रोहित जोशी पीईईओ पिपलागुंज द्वारा माँ शारदे की आराधना के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन देवेन्द्र जैन पीईईओ ओबरी ने दिया।

# सडक पर लहुलुहान हालत में मिला बाइक सवार का शव

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के बारो का शेर गांव में बीती रात सडक किनारे लहुलुहान हालत में बाइक सवार का शव मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वही परिजनों ने मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस कर रही मामले की जांच**

डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की उदयपुर जिले के कंडाल गाँव निवासी नितेश मीणा ने रिपोर्ट देकर बताया है की रात करीब 12 बजे फोन आया की उसके पिता कांतिलाल का शव कंडाल से देवलखास जाने वाले मार्ग पर बारो का शेर गाँव के पास पड़ा हुआ है। सुचना पर रात को नितेश मौके पर पहुंचा जहा पर लोगो की भीड़ लगी हुई थी। वही उसके पिता कांतिलाल का शव बाइक पर पड़ा हुआ था। उनके सिर पर चोट लगी हुई थी और शव लहुलुहान हालत में था। वही नितेश मीणा ने रिपोर्ट में बताया की उसके पिता जी जेब में दस्तावेज मौजूद थे लेकिन नगदी नहीं थी। जिस पर नितेश ने अज्ञात लोगो द्वारा लूट की नियत से उसके पिता की हत्या होने का अंदेशा जताया। इसके बाद नितेश मीणा ने मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। सुचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना करने के बाद कांतिलाल के शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाने में रखवाया। इधर आज सुबह मृतक कांतिलाल मीणा के परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहा पर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मामले में मृतक के बेटे नितेश मीणा ने पुलिस को हत्या की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंबाड़ा के तत्कालीन वीडीओ, कनिष्ठ सहायक समेत 3 जनों के खिलाफ फर्जीवाड़े का केस दर्ज

## पीएम आवास योजना में गड़बड़ी पर जांच में हुई पुष्टि

**डूंगरपुर।** जिले की चिखली पंचायत समिति के अंबाडा ग्राम पंचायत के तत्कालीन वीडीओ, कनिष्ठ सहायक समेत 3 कार्मिकों पर फर्जीवाड़े का केस दर्ज हुआ है। चिखली बीडीओ की ओर से ये केस दर्ज करवाया गया है। वीडीओ समेत तीनों कर्मचारियों पर पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़े के आरोप है। मामले में कुंआ थाना पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

पंचायत समिति चिखली के बीडीओ दिनेशचंद्र पाटीदार निवासी रैयाना थाना अरथूना बांसवाड़ा ने कुंआ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुंआ थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की बीडीओ ने रिपोर्ट में बताया है की केंद्र व राज्य सरकार की ओर से पीएम आवास योजना संचालित हैं। इस योजना के तहत पात्र लोगों को आवास योजना के तहत किश्तों में निर्धारित राशि दी जाती है। पंचायत समिति चिखली में भी पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को सरकार की ओर से मंजूर राशि उनके खातों में जमा करवाई गई। इसके बाद एसडीएम और तहसीलदार की ओर से आवास योजना के तहत बने 8 -8 कुल 16 घरों की जांच की गई। इसमें मूल लाभार्थी को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं देकर दूसरो के खातों में योजना की राशि डाल दी। इसमें अंबाडा पंचायत के तत्कालीन वीडीओ मधुसूदन पारिख हाल पंचायत समिति साबला में कार्यरत, रमेशचंद्र यादव हाल कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति चिखली और प्रभुलाल सेंगाड़ा हाल प्रतिनियुक्ति पदस्थापन गलियाकोट में मिलभगत कर पीएम आवास योजना में दी जाने वाली राशि में गड़बड़ी को और दूसरो के खाते में डाल दी। एसडीएम और तहसीलदार की ओर से जांच में इसकी पुष्टि हुई। तीनों ने मिलकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया है। कुंआ थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की बीडीओ दिनेशचंद्र की रिपोर्ट पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। हालाकि पुलिस को दी गई रिपोर्ट में कितनी राशि का गबन किया गया है। इसका कोई हवाला नहीं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जयपुर में बनेगा देश का सबसे ऊंचा-लग्जरी हॉस्पिटल



**जयपुर।** देश के सबसे ऊंचे हॉस्पिटल की नींव रखी जा चुकी है। सवाई मान सिंह हॉस्पिटल (SMS) परिसर में इसका निर्माण करवाया जाएगा। 456.80 करोड़ रुपए से बनने वाले इस आईपीडी टॉवर में मरीजों को फाइव स्टार सुविधा मुहैया कराई जाएगी। दो फेज में इसका निर्माण होगा। 116 मीटर ऊंची ये बिल्डिंग कोई मॉल या रेजीडेंशियल फ्लैट की न होकर प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल एसएमएस की एक यूनिट है। जेडीए अधिकारियों का दावा है कि किसी भी सरकारी या प्राइवेट हॉस्पिटल में ये देश की सबसे बड़ी बिल्डिंग होगी। इस बिल्डिंग में 22 मंजिल बनाई जाएगी, जबकि ऊपर की दो मंजिल पर एक हेलीपैड तैयार होगा। ये प्रदेश का पहला हॉस्पिटल होगा जहां एयर एंबुलेंस की सुविधा होगी और हेलिकॉप्टर छत पर लैंड हो सकेंगे।

# 3 साल में राजस्थान ने लिया 1.25 लाख करोड़ का कर्ज

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जीडीपी में 18.4प्रतिशत का उछाल दिखाया और 3 साल में 1.25 लाख करोड़ का कर्ज उठाया है। लेकिन ओल्ड पेंशन स्कीम के बाद अब सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों को लेकर भी केंद्र-राज्य सरकार के बीच टकराव के आसार हैं। क्योंकि केंद्र को आशंका है कि ज्यादा से ज्यादा कर्ज लेने के लिए राज्य सरकारें जीडीपी बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रही हैं। वित्त मंत्रालय के निर्देश पर केंद्रीय कार्मिक विभाग ने सभी राज्यों को चिट्ठी भेजकर उक्त संदेह जताया है। साथ ही चेताया है कि ऐसे मामलों में अब संबंधित आईएएस अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा समेत 50 से ज्यादा लोगो के खिलाफ मामला दर्ज

## एसडीएम समेत अधिकारियों, कर्मचारियों को बंधक बनाने का है मामला

**डूंगरपुर।** जिले में पट्टे आवंटन को लेकर एसडीएम समेत सरकारी विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को पंचायत भवन में बंद करने के मामले में अब यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा समेत 50 से ज्यादा लोगो के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। तहसीलदार डूंगरपुर की तरफ से सदर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है । जिसमे विधायक पर एसडीएम समेत अधिकारियों को बंद कर गैर कानूनी तरीके से दबाव बनाने के आरोप लगाए गए है। डूंगरपुर तहसीलदार संजय सरपोटा की और से सदर थाने में केस दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया है की सुरपुर पंचायत में कल मंगलवार को प्रशासन गांवों के संग फॉलोअप शिविर चल रहा था। विधायक गणेश घोघरा समेत 50 से ज्यादा लोग आए। विधायक गणेश घोघरा ने गैर कानूनी तरीके से पंचायत के लोगों को कृषि भूमि का आवंटन व पट्टे देने के लिए दबाव बनाया। कानूनी रूप से ऐसा करने से मना कर दिया गया। इस पर विधायक गणेश घोघरा के साथ आए लोगो ने एसडीएम समेत सभी सरकारी विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को पंचायत भवन में बंद कर दिया।

पंचायत भवन पर तालाबंदी कर जबरन कृषि और सरकारी जमीन को आवंटित करने के लिए दबाव बनाया। वही 2 घंटे तक सभी अधिकारी व कार्मिक पंचायत भवन में बंधक रहे। एडीएम राजीव द्विवेदी के आने व समझाइश के बाद भवन का ताला खोला गया। इस तरह विधायक समेत उनके साथ आए लोगो ने एसडीएम समेत अधिकारियों को बंद कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई। मामले में सदर थाना ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं विधायक गणेश घोघरा ने एसडीएम पर लोगों को पट्टे आवंटित करने में अवैध वसूली के लिए आनाकानी करने ओर परेशान करने के आरोप लगाकर करीब 2 घंटो तक एसडीएम समेत अधिकारियों को पंचायत भवन में बंद कर दिया था।